तापमान

अधिकतम 35.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, सोमवार 16 मार्च 2026

11 महुआ और तेंदूपत्ता के नाम पर जंगल में लगाई जा...



12 करचिया के किसान चंद्रशेखर को 5 एकड़ में...





## खबर संक्षेप

### तरीघाट में लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम 21 को

**कोपरा।** ग्राम पंचायत तरीघाट में आगामी 21 मार्च को विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए राजिम विधानसभा क्षेत्र के यशस्वी विधायक माननीय रोहित साहू से ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों ने सौजन्य भेंट कर उन्हें सादर आमंत्रित किया। इस दौरान सरपंच गुंजन भोला वर्मा, उपसरपंच संतोषकुमार वर्मा पंचगण लीला राम मार्कण्डेय, अमर नागरची, ग्राम प्रमुख चिमन लाल वर्मा, रामभगत साहू, भागचंद चतुर्वेदी, पंचायत सचिव साहू सहित ग्राम प्रमुख उपस्थित रहे। सभी ने विधायक रोहित साहू को ग्राम पंचायत में होने वाले कार्यक्रम की जानकारी देते हुए 21 मार्च को आयोजित लोकार्पण एवं भूमि पूजन समारोह में शामिल होने का आग्रह किया।

माननीय विधायक रोहित साहू ने ग्राम पंचायत के आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए कार्यक्रम के लिए समय प्रदान किया।

### पिथौरा थाना क्षेत्र के लाखागढ़ में चोरी

**महासमुंद।** पिथौरा के ग्राम लाखागढ़ में आइसक्रीम व ब्रेड का होलसेल व्यापारी के घर चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया यश सिंघल पिता दिनेश सिंघल (23 वर्ष) 12 मार्च को अपने पिता दिनेश सिंघल के ईलाज के लिए रायपुर गया हुआ था और उसका भाई संकेत अग्रवाल 13 मार्च को पिथौरा आ गया। दोपहर में वह प्रार्थी के घर में सोया था और करीब 12:50 बजे अपने घर से चला गया था। रात्रि में घर में कोई नहीं था। 14 मार्च को उसके भाई संकेत जब उसके घर आया तब देखा कि सामने के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था, और घर का सामान बिखरा पड़ा हुआ था। सूचना मिलने के बाद वह वापस आया तब पता चला कि घर के अलग-अलग जगह पर रखे लगभग 18000 रुपए को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई है। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 331(4), 305 ए बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है

### शिक्षिका ने पति पर लगाया मारपीट प्रताड़ना का आरोप

**महासमुंद।** शिक्षिका ने अपने पति के खिलाफ मारपीट, गाली गलौज और मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए पटेवा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस को रायतुम निवासी शिक्षिका प्रतिमा दीक्षित ने बताया कि उसे पति मनोज शर्मा पिता केशव प्रसाद शर्मा के द्वारा विगत 6 माह से मारपीट, गाली-गलौज और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। महिला ने अपनी शिकायत में बताया कि उसके पति घर का दरवाजा, ताला तोड़ देते हैं, साथ ही राशन भी बेच देते हैं। वहीं 14 मार्च को जान से मारने की धमकी भी दी गई। रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 296 351(2) 115(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# राजिम कुंभ के कलाकारों को एक माह बाद भी भुगतान नहीं

## राजिम कुंभ कल्प के मंच पर तालियां तो मिलीं, पर जेब अब भी खाली

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजिम

राजिम कुंभ कल्प मेला में अपनी कला से दर्शकों का मन मोह लेने वाले छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक कलाकार इन दिनों परेशान हैं। परेशान इसलिए है कि एक माह बाद भी इन्हें उनका मेहनताना राशि अप्राप्त है। बता दें कि 1 फरवरी माघ पूर्णिमा से लेकर 15 फरवरी महाशिवरात्रि तक चले इस भव्य मेले में प्रदेश भर से आए कलाकारों ने मंच पर एक से बढ़कर एक शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुतियां दी, लेकिन हैरानी की बात यह है कि कार्यक्रम समाप्त हुए पूरे एक माह बीत जाने के बाद भी कईयो स्थानीय कलाकारों को अब तक उनका मेहनताना नहीं मिल पाया है। इन कलाकारों का कहना है कि वे पूरे उत्साह के साथ मेले में शामिल हुए थे और लगातार सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से मेले की रौनक बढ़ाई। लेकिन भुगतान में हो रही देरी ने उनके उत्साह को ठंडा कर दिया है। कलाकारों के अनुसार, मेहनत से कार्यक्रम प्रस्तुत करने के बाद भी यदि समय पर पारिश्रमिक नहीं मिले तो इससे उनका मनोबल टूटता है। कुछेक कलाकारों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि यदि इसी तरह भुगतान में विलंब होता रहा तो भविष्य में ऐसे आयोजनों में आने से पहले उन्हें कई बार सोचना पड़ेगा। उनका कहना है कि कला के प्रति सम्मान तभी दिखता है जब कलाकारों को समय पर उनका मेहनताना मिले। कलाकारों ने यह भी याद दिलाया कि पहले जब कुंभ मेले का आयोजन ▸▸ शेष पेज 10 पर




### शानदार प्रस्तुति पर भुगतान में सुस्ती

कार्यक्रम समाप्त हुए पूरे एक माह का समय बीत चुका है, फिर भी कई कलाकार भुगतान की प्रतीक्षा कर रहे हैं। इसे लेकर कलाकारों में असंतोष और आक्रोश दोनों बढ़ता जा रहा है। कलाकारों और सांस्कृतिक समूहों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि भुगतान में हो रही देरी के कारणों की समीक्षा की जाए और जल्द से जल्द सभी कलाकारों का पारिश्रमिक जारी किया जाए। उनका कहना है कि समय पर भुगतान होने से ही कलाकारों का सम्मान बना रहता है और भविष्य में भी वे पूरे उत्साह के साथ ऐसे आयोजनों में भाग लेने के लिए प्रेरित होते हैं। यदि प्रशासन इस दिशा में शीघ्र कदम नहीं उठाता है तो इससे प्रदेश की सांस्कृतिक परंपरा को बढ़ावा देने वाले कलाकारों का भरोसा कमजोर पड़ सकता है। इसलिए कलाकारों की मांग है कि प्रशासन इस विषय को गंभीरता से लेते हुए जल्द समाधान सुनिश्चित करे। कलाकारों का कहना है कि प्रशासनिक स्तर पर सभी प्रक्रियाएं पूरी होने के बावजूद भुगतान में हो रही देरी समझ से परे है। जबकि कलाकारों के भुगतान के लिए आवश्यक राशि भी उसी समय उपलब्ध हो चुकी थी और आयोजन से जुड़े जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा पूरा एस्टीमेट तैयार कर कलेक्टर कार्यालय को भेज दिया गया है। इसके बावजूद भुगतान की प्रक्रिया अब तक पूरी नहीं हो सकी है।

**चेतावनी :** बैठक में ग्रामवासियों ने कहा- यदि दूसरी जगह बनाया गया तो होगा उग्र आंदोलन

# किरवई में कृषि कालेज का भूमिपूजन स्थगित ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजिम

गरियाबंद जिले के ग्राम किरवई में कृषि महाविद्यालय भवन के लिए 15 मार्च रविवार का दिन तय हो गया था जो किसी कारणवश स्थगित हो गया। कार्यक्रम के स्थगित होने पर ग्रामवासियो का गुस्सा अब चरम पर है। गांव में जंगी बैठक हुई। बैठक में पंचपरमेश्वरो सहित ग्राम प्रमुखो एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी ने आक्रोश जाहिर किया। ग्राम के सरपंच देवकुमारी-हेमंत साहू ,उपसरपंच उमेश्वरी साहू, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष नारायण साहू, मोतीराम साहू, गेंदलाल साहू, भागवत साहू, पूर्व सरपंच यथार्थ शर्मा, सेवानिवृत प्राचार्य प्रफुल्ल दुबे, साहू समाज सचिव ठाकुर राम साहू सहित सभी पंचगण, गांव के अलावा आसपास के सैकड़ो जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया कि किरवई में कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र ही बनाया जाए और यदि यहां से अगर दूसरी जगह बनाया जाएगा तो समस्त क्षेत्र के लोग उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर हो जाएंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। बैठक की जानकारी देते हुए सरपंच देवकुमारी-हेमंत साहू ने बताया कि डॉ.रमन सिंह सरकार ने गरियाबंद जिले के लिए कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र खुलवाए थे जिसके तहत जमीन एवं भवन के अभाव में कृषि महाविद्यालय फिंगेश्वर के औद्योगिक प्रशिक्षण भवन में संचालित है। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय की भूमि चयन समिति ने फिंगेश्वर से मात्र 7 किलोमीटर दूरी में राजिम-महासमुंद मार्ग में स्थित किरवई ग्राम के जमीन को उपयुक्त बताते हुए ग्राम पंचायत किरवई से 50 एकड़ ▸▸ शेष पेज 10 पर






### तैयारियां पूरी थीं, ऐन वक्त पर मिला स्थगन का संदेश

सरपंच देवकुमारी-हेमंत साहू एवं ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष नारायण साहू ने बताया कि विधायक रोहित साहू के प्रयास से महाविद्यालय भवन के लिए 14 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत हुआ जिसके तहत विश्वविद्यालय द्वारा टेंडर जारी करके महाविद्यालय भवन भूमि पूजन के लिए 15 मार्च 2026 की तिथि तय किया गया। बता दें कि विश्वविद्यालय के डीन ने सरपंच एवं गांव के अन्य जनप्रतिनिधियों को भूमि पूजन की तैयारी करने के लिए निर्देश दिया, जिसके तहत गांव के सरपंच एवं अन्य प्रतिनिधियों ने आमंत्रण पत्र छपवाकर आसपास के गांव में वितरित भी करवा दिया था। भूमिपूजन की पूरी तैयारी करने के बाद अचानक भूमि पूजन स्थगित किए जाने की सूचना सरपंच को मिलने पर गांव वालों में आक्रोश व्याप्त हो गया। ग्रामीणो का आरोप है कि फिंगेश्वर के कुछ तथाकथित लोगों के विरोध के कारण भूमि पूजन कार्यक्रम स्थगित हुआ है। भाजपा नेता एवं बूथ सेक्टर प्रभारी मोतीलाल साहू ने दुख एवं रोष व्यक्त करते हुए कहा कि चुनाव के समय बूथ प्रभारी एवं मतदाताओं को महत्व दिया जाता है एवं विकास तथा निर्माण कार्य के समय कुछ जनप्रतिनिधियों को ही सुना जाता है जिसका जनमानस में शासन के प्रति अच्छा संदेश नहीं जाता। उन्होंने बताया कि किरवई में कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र खोलने से राजिम क्षेत्र के 50 ग्राम पंचायत के सरपंच एवं पंच गण, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य के अलावा सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के हजारों लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए सीएम विष्णुदेव सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किए।

## 15 दिनों में 6 युवकों ने लगाई फांसी, जयंतीनगर के एक और युवक ने दी जान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

मैनपुर क्षेत्र में लगातार युवको के द्वारा फांसी लगाकर आत्म हत्या किए जाने के मामले सामने आने से हड़कम्प के साथ दहशत देखने को मिल रही है। एक पखवाड़े के भीतर मैनपुर थाना क्षेत्र में 6 युवकों ने फांसी लगाकर अपना जीवन लीला सामाप्त कर लिया। रविवार सुबह मैनपुर के लोगों के सामने फिर एक युवक के फांसी लगाए जाने की खबर सामने आने से पूरे नगर व क्षेत्र में सनसनी फैल गई।



मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर जयंतीनगर निवासी परमेश्वर कश्यप पिता प्रेंम कश्यप उम्र 23 वर्ष शनिवार रात को परिवार के साथ भोजन करने के बाद अपने कमरे में सोने चले गया और रात को 11 बजे के आसपास घर के भीतर युवक परमेश्वर कश्यप ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया इसकी जानकारी रात में ही घर के लोगों को लगने के बाद इसकी जानकारी मैनपुर पुलिस को दिया गया। रविवार सुबह युवक परमेश्वर कश्यप का शव का पोस्टमार्डम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं पुलिस द्वारा पूरे मामले की जांच किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक परमेश्वर कश्यप ट्रेक्टर चालक था और जो मामला सामने आया है उसके अनुसार मोबाईल में बात करते हुए उन्होने आत्म हत्या जैसी कदम उठाने की बात बताई जा रही है। बहरहाल मैनपुर ▸▸ शेष पेज 10 पर


## तौरेंगा जंगल में अतिक्रमण की नीयत से वृक्षों को सुखाया, आरोपी को जेल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर



उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के तौरेंगा बफर वन क्षेत्र में एक ग्रामीण द्वारा अवैध अतिक्रमण के नियत से वृक्षों को सुखाया जा रहा था जिसके खिलाफ वन विभाग ने कार्यवाही करते हुए आरोपी को जेल भेजा है। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 9 फरवरी 2026 को अतिक्रमण में लिप्त आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की गई।कार्यवाही मुख्य रूप से प्रधान मुख्य वन संरक्षक अरुण पांडे, मुख्य वन संरक्षक सतोविशा समाजदार और उपनिदेशक उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व वरुण जैन के निर्देशन में की गई। वन परिक्षेत्र तौरेंगा बफर टीम के मार्गदर्शन में गाजीमुडा सर्कल के आरक्षित वन क्षेत्र के कक्ष क्रमांक 1180 में आरोपी ने 5.011 हेक्टर में मिश्रित प्रजाति के खड़े वृक्षों की अवैध कटाई और गार्डलिंग किया पाया गया। खडे वृक्षों की अवैध कटाई 9 नग 2.300 घन मीटर इमारती मिश्रित प्रजाति के खड़े वृक्षों की गार्डलिंग 7नग 2.340 घन मीटर इमारती एवं साइज 46–6061–90 के 41 नग मिश्रित प्रजाति का सूखा घूंटा 2.540 घन मीटर अवैध गतिविधियों के लिए आरोपी मनोज कुमार मरकाम पिता लैखन मरकाम उम्र 51 वर्ष ग्राम कोचेंगा थाना शोभा विखं मैनपुर जिला गरियाबंद के खिलाफ वन अपराध पंजीकरण संख्या 25/18, 9 फरवरी को ▸▸ शेष पेज 10 पर

# घटारानी में 16 दुकानें जलकर खाक 15 लाख रुपए से अधिक का नुकसान





हरिभूमि न्यूज ▸▸ छुईहा बेलर

प्रदेश के सुप्रसिद्ध धार्मिक एवं पर्यटन स्थल घटारानी में शनिवार की दरम्यानी रात भीषण आगजनी की घटना सामने आई है। रात करीब 2 बजे लगी इस आग ने नियमित बाजार की 16 दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे दुकानदारों का लगभग 15 लाख रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। हालांकि, इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। आग लगने का पता तब चला जब मंदिर के पुजारी धनसिंग ध्रुव को रात करीब 2 बजे कुछ फटने जैसी तेज आवाजें सुनाई दीं। उन्होंने तुरंत आसपास के लोगों और दुकानदारों को सूचित किया। जब तक ग्रामीण मौके पर पहुँचे, आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी। आशंका जताई जा रही है कि किसी शरारती तत्व या महुआ बीनने वालों द्वारा फैलाई गई आग के कारण यह हादसा हुआ होगा। पुलिस फिलहाल मामले की जाँच कर रही है।

**पानी की किल्लत ने फेरा उम्मीदों पर पानी-** आग बुझाने के लिए ▸▸ शेष पेज 10 पर

**धुरसा में आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज का भव्य अधिवेशन**

# शिक्षा ही राष्ट्र और समाज की मुख्यधारा : इंद्रजीत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोपरा

■ पारंपरिक नृत्य और कलश यात्रा के साथ सामाजिक एकता का शंखनाद

क्षेत्र के ग्राम धुरसा में शनिवार को आदिवासी ध्रुव गोंड समाज का वार्षिक अधिवेशन और सम्मेलन हुआ। आदिवासी ध्रुवोंड समाज परिषद राजिम राज 45 मौजा द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी वार्षिक अधिवेशन का आयोजन रखा गया था जिसमें समाज की संस्कृति, एकता, शिक्षा और सामाजिक उत्थान पर जोर दिया गया। इन आयोजनों में कलश यात्रा, पारंपरिक नृत्य और समाज की परंपराओं को सशक्त बनाने के संकल्प प्रमुख रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाडिक कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे थे नागेश्वर कुमार ध्रुव अध्यक्ष आदिवासी ध्रुव गुण समाज परिक्षेत्र राजिम विशिष्ट अतिथि पूरण सिंह ठाकुर अध्यक्ष आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज गरियाबंद, अति विशिष्ट उमेंदी कोर्राम अखिल भारतीय आदिवासी परिसर गरियाबंद और विशेष अतिथि के रूप में पन्नालाल ध्रुव, गंगाराम नेताम, गैंद ध्रुव, अशोक ध्रुव, संतु राम ध्रुव व पूर्व सरपंच धुरसा रमेन्द्र साहू, सरपंच उमेश्वरी साहू धुरसा, सहित क्षेत्र के अन्य जनपति निधि भी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि के स्वागत में पारंपरिक वेशभूषा और ढोल नगाड़ों के साथ आदिवासी संस्कृति द्वारा नित्य करते हुए जोरदार स्वागत किया गया तत्पश्चात आदिवासी देवी- देवताओं की पूजा अर्चना कर पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत धुरसा रमेन्द्र साहू के द्वारा आदिवासी समाज के लिए दो अलग-अलग भवन दिए थे इसका लोकार्पण कार्यक्रम भी संपन्न हुआ। सभी अतिथियों का आदिवासी रीति रिवाज पारंपरिक व संस्कृत नित्य करते हुए उपस्थित सभी ▸▸ शेष पेज 10 पर





## फसल सुरक्षा के नाम पर पैरा में लगा रहे आग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रसेला



क्षेत्र सहित रसेला में लगातार दिनों दिन खेतों के कटे हुए पैरा में आग लगा दी जा रही है। जिससे अभी से मवेशियों के लिए चारा का संकट पड़ने लगा है। रबी फसल लगाने वाले किसान मवेशियों अपने खेत के नजदीक में न आएं इस लिए अपने खेत से लगे हुएं खेतों के पैरों को आग के हवाले कर रहे हैं। ऐसे करने से मवेशी फसल के तरफ नहीं जाता क्योंकि खेत का पैरा जल चुका है। रसेला में जिधर देखो उधर खेतों में आग की चिन्ह दिखाई दे रही है। आग से अब तक किसानों द्वारा खेतों में इकट्ठा करके रखें गए पैरा जलकर खाक हो चुका है। गौरतलब है कि क्षेत्र में पैरा, मवेशियों के लिए प्रमुख चारा के रूप में उपयोग में लाया जाता है, परंतु इसको जला दिए जाने से आने वाले दिनों में मवेशियों के लिए चारे की कमी संकट गहराने लगा है। खेतों में आग लगने वाले के ऊपर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि कोई और खेतों में आग लगने से बचें। ऐसे करने पर ही मवेशियों का चारा बचाया जा सकता है। चारे की कमी के कारण पशुओं का स्वास्थ्य गिर रहा है, और उत्पादकता कम हो रही है। ग्रामीणों ▸▸ शेष पेज 10पर

## खबर संक्षेप

### शशिकांत बने प्रदेश साहू संघ युवक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक



**महासमुंद।** प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ नीरेंद्र साहू ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार किया। जिसमें उन्होंने विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रदेश संयोजकों की नियुक्ति की। इसी क्रम में युवाओं में सबसे चर्चित चेहरे रायपुर निवासी शशिकांत साहू को प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ का संयोजक नियुक्त किया। विदित हो कि साहू पूर्व में जिला संयोजक रायपुर की जिम्मेदारी निभा चुके हैं जिसमें उनके नेतृत्व क्षमता अनुकरणीय आंकी गई। उनके इसी कार्यप्रणाली को देखते हुए प्रदेश के सर्वोच्च पद पर उन्हें स्थान दिया गया। शशिकांत साहू की नियुक्ति पर महासमुंद से अजय साहू, मनीष साहू, विकास साहू, चंदन साहू समेत प्रदेश साहू संघ का आभार व्यक्त किया है। उक्त जानकारी जिला साहू संघ (युवा प्रकोष्ठ) महासमुंद के पूर्व महामंत्री अजय साहू आमाकोनी ने दी है।

### लो-वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे अंचलवासी

**नर्रा।** लो वोल्टेज का संकट अब आम जनता के लिए भी सबब बन गया है। इस क्षेत्र के लोग फरवरी माह से ही लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे है। मार्च के महीने भीषण गर्मी के दौर में जहां बिजली लो-वोल्टेज की समस्या के कारण पंखे, कूलर नहीं चल पा रहे हैं। लोगों का कहना है कि दिन में भी लो-वोल्टेज रहता है, वहीं रात मे बल्ब भी ठीक जल नहीं पा रहे हैं। रात में गर्मी और मच्छर के चलते लोगों की परेशानी बढ़ गई है। इसका सीधा असर खेतीबाड़ी पर भी पड़ रहा है। लो वोल्टेज के कारण बाड़ी में लगे टुल्लू पंप के अलावा ट्यूबवेल की धार भी पतली हो गई है। इन दिनों ग्रीष्मकालीन रबी धान फसल, मूंगफली एवं सब्जी की खेती कर रहे किसान सिंचाई के लिए परेशान है। इसके साथ ही गांवों में नल जल योजना के तहत संचालित पानी टंकियां को भी भरना मुश्किल हो गया है।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण, भाजपा ने कार्यकर्ताओं में भरी नई ऊर्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

छत्तीसगढ़ भाजपा की निर्देश पर तथा जिला भाजपा गरियाबंद के मार्गदर्शन पर भाजपा मंडल फिंगेश्वर द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 का दो दिवसीय 14 एवं 15 मार्च संपन्न हुआ। वक्ताओं ने सरकार के काम काज को लेकर जहां भाजपा प्रशिक्षार्थियो को संबोधित किया वहीं संगठन की मजबूती को लेकर व्याख्यान दिया। उद्घाटन सत्र के बाद चार प्रशिक्षण सत्र संपन्न हुआ।प्रशिक्षण महा अभियान फिंगेश्वर मंडल का प्रभारी के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता रामू राम साहू पूरे दिन उपस्थित रहे।प्रत्येक सत्र के वक्ता एवं अध्यक्षता के साथ अपेक्षित पदाधिकारी एवं भाजपा

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान संपन्न**





कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण प्राप्त हुआ।द्वितीय सत्र के वक्त पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश साहू तथा अध्यक्षता वरिष्ठ भाजपा नेता रामू राम साहू ने किया।कार्यक्रम का संचालन महामंत्री भुवन लाल साहू ने किया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता रामूराम साहू, अशोक राजपूत, मंडल अध्यक्ष मंजू हरित, महामंत्री भुवन लाल साहू, प्रेमलाल टोडर, पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉक्टर प्यारेलाल सोनकर, उत्तम राजवंशी, मनीष हरित, अरुण सिन्हा, राकेश सिन्हा, संगीता साहू, सियाराम ध्रुव, खिलावन सोनवानी भुनेश्वर साहू, डॉक्टर गंगाराम साहू, शीतल साहू, मुकेश साहू, छबि लाल यादव, जगदेव सिंन्हा सहित सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## जयंती : ग्राम खुड़सा में कर्मा जयंती मनाई गई

# माता कर्मा जयंती समाज सुधार और एकजुटता का संकल्प : रोहित साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

राजिम विधायक रोहित साहू ने रविवार को ग्राम पंचायत परसदाकला के आश्रित ग्राम खुड़सा में आयोजित कर्मा जयंती में कहा की यह एक सार्थक सामाजिक कार्यक्रम का हम सबके जिवन का सार प्रस्तुत करता है, जिसमें संत माता कर्मा और राजिम माता की जयंती के अवसर पर साहू समाज द्वारा आत्म-मंथन, सुधार और एकता का संदेश दिया गया है। इस जयंती का सही उद्देश्य पर कार्यक्रम में जोर दिया गया कि जयंती केवल रस्मी भोज या भाषण तक सीमित न रहे, बल्कि यह समाज को जोड़ने, दिशा देने और सामूहिक दायित्व का बोध कराने का माध्यम बनता है जिसे आत्मसात करने की जरूरत है। कहा कि संतों का सही दृष्टिकोण मे समाज इन संत महिलाओं को भगवान के बजाय एक गुरु और मार्गदर्शक के रूप में देखता है, जिन्होंने सिर्फ एक समुदाय नहीं, बल्कि पूरे मानवता के कल्याण के लिए काम किया। विधायक ने सामाजिक सुधार पर जोर देते हुए विशेष रूप से विवाह जैसी परंपराओं में सुधार की आवश्यकता बताई गई—जैसे बारात का समय पर पहुंचना, शाम तक पानी-ग्रहण की रस्म पूरी करना, और रिश्तों में दोनों गाँवों के समाज प्रमुखों की सहमति अनिवार्य करना। समाज देना और लेना के संदर्भ पर कहा समाज से प्राप्त करने की बजाय, समाज को देने के महत्व पर प्रकाश डाला गया। छोटा सहयोग भी समाज की मजबूती का आधार बन सकता है। विधायक ने सेवा और योगदान की भावना को साझा करते कहा पद या हैसियत से अधिक, समाज के दुख-सुख में साथ खड़े होना और व्यक्तिगत सफलता से समाज का मान बढ़ाना ही सच्ची सेवा मानी गई। विधायक ने कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की जनकल्याणकारी योजनाओं की सराहना करते हुए विकास कार्यों को स्वीकार किया गया। सामूहिक संकल्प ही किसी कार्यक्रम को सफल बनाता है। कार्यक्रम के अंत में हर घर से सहयोग, हर व्यक्ति की जिम्मेदारी और हर पीढ़ी के जुड़ाव का संकल्प लिया गया, ताकि समाज मजबूत और एकजुट बना रहे।

### विवाह रस्मों और सामाजिक सुधार पर जोर

कार्यक्रम में उपस्थित साहू समाज के अलावा क्षेत्र के सभी वर्ग उपस्थित ने इस आयोजन को केवल एक धार्मिक या सामुदायिक उत्सव नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना, आत्म-सुधार और सामूहिक प्रगति का एक मंच था। संत माता कर्मा और राजिम माता के आदर्शों को आज के संदर्भ में जीवंत रखते हुए, समाज ने अपनी चुनौतियों को स्वीकार करने और उन्हें सुधारने का संकल्प दोहराया। माता कर्मा को नमन, समाज एकता अमर रहे यह संदेश सिर्फ साहू समाज के लिए ही नहीं, बल्कि हर समुदाय के लिए प्रेरणादायी है।



मंच संचालक उद्घोषक परिक्षेत्र सचिव ओमप्रकाश साहू, सरपंच प्रतिनिधि युवराज साहू थे। उक्त आयोजन में मुख्यातिथि राजिम विधायक रोहित साहू, चंदूलाल साहू (अध्यक्ष छ.ग. जी. भंडार गृह निगम), चुन्नीलाल साहू (पूर्व सांसद महासमुंद लोक सभा),भुनेश्वर साहू जी (पूर्व उपाध्यक्ष प्रदेश साहू संघ), प्रवीण साहू जी(अध्यक्ष जिला साहू संघ गरियाबंद) लालाराम साहू जी (अध्यक्ष भक्तिन माता मंदिर समिति राजिम) खोमन साहू जी(अध्यक्ष तहसील साहू संघ फिंगेश्वर ,बेलर परिक्षेत्र अध्यक्ष हरिराम साहू, सरपंच परसदाकला गणेश साहू , भोजराम साहू, साहू समाज परिक्षेत्र बेलर उपस्थित थे।

# विधायक के पहल पर तीन गांव को मिली नवीन उचित मूल्य दुकानों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

विधायक रोहित साहू के पहल पर ग्राम खुड़सा, जोगीडीपा और बोरसी को नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान की सौगात मिली है इससे संबंधित गांव के लोगो में हर्ष का माहोल है। बता दें कि इन ग्रामीणों को राशन कार्ड से संबंधित कार्यों और खाद्यान्न लेने के लिए अब लंबी दूरी तय नहीं करनी होगी। राजिम विधायक रोहित साहू के प्रयासों से ग्राम पंचायत परसदा कला के आश्रित ग्राम खुड़सा, ग्राम पंचायत बोंड़की के आश्रित ग्राम जोगीडीपा और बोरसी में एक अतिरिक्त नवीन शासकीय उचित मूल्य की दुकानों की स्वीकृति मिल गई है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए विधायक के प्रति आभार जताया है। लंबे समय से इन ग्रामों के ग्रामीण अपने ही पंचायत मुख्यालय या अन्य दूरस्थ केंद्रों पर राशन लेने जाने को मजबूर थे। विशेषकर बुजुर्गों और महिलाओं को राशन लाने में काफी मशक्कत करनी पड़ती थी। नवीन दुकानों के खुलने से अब ग्रामीणों को उनके अपने ही गांव में राशन उपलब्ध होगा जिससे उनके समय और संसाधन की बचत होगी। नवीन राशन दुकानों की स्वीकृति मिलने पर जनपद अध्यक्ष इन्द्राणी-नेहरू साहू, उपाध्यक्ष सतीश यादव सहित संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंचों और भारी संख्या में ग्रामीणों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।



जनप्रतिनिधियों का कहना है कि विधायक रोहित साहू क्षेत्र की जमीनी समस्याओं को प्राथमिकता से हल कर रहे हैं। जनपद अध्यक्ष इंद्राणी नेहरू साहू ने कहा कि ग्रामीणों की यह पुरानी मांग थी जिसे विधायक जी ने गंभीरता से लिया और उसे पूरा कराया। यह क्षेत्र के विकास और जनसुविधा की दिशा में एक बड़ा कदम है। इसी क्रम में जनपद उपाध्यक्ष सतीश यादव ने बताया कि ग्राम पंचायत छुईहा के आश्रित ग्राम जमाही में भी जल्द राशन दुकान खुलेगी। उन्होंने कहा कि विधायक के प्रयासों का सिलसिला यहीं नहीं थमा है। ग्राम पंचायत छुईहा के आश्रित ग्राम जमाही के ग्रामीणों को भी बहुत जल्द खुशखबरी मिलने वाली है। जमाही में नवीन राशन दुकान खोलने की प्रक्रिया अंतिम चरणों में है और अतिशीघ्र यहाँ भी दुकान का संचालन शुरू हो जाएगा।

### तुसदा स्कूल में आठवीं के बच्चों को दी गई विदाई



**महासमुंद।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय तुसदा में अध्यनरत कक्षा आठवीं के बच्चों के लिए विदाई कार्यक्रम काआयोजन रखा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान की देवी मां सरस्वती का संस्था प्रमुख किसलाल धनकर, पूर्णिमा पटेल, ममता यादव, आठवीं के कक्षा शिक्षक मनोहर लाल साहू द्वारा पूजा अर्चना कर प्रारंभ किया गया।

# झरझरा मंदिर में 19 मार्च से गूंजेगी देवी भागवत की महिमा, इंद्रजीत ने तैयारियों का लिया जायजा

हरिभूमि ▶▶| न्यूज कोपरा

घनघोर वादियों के बीच 19 मार्च से श्रीमद् देवी भागवत पुराण कथा का आयोजन होने जा रहा है जिसकी तैयारी जोरों शोरों से शुरू हो चुकी है शनिवार को जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाडिक झरझरा मंदिर प्रांगण पर पहुंच कर कथा पंडाल मंच निरीक्षण किया और दिशा निर्देश दिए 18 मार्च तक पूरी तरह मंच तैयार करने की बात कही इस दौरान लोगों को किसी भी प्रकार की



समस्या ना हो जिसके उत्तम व्यवस्था पर भी गहन विचार और चिंतन किया गया भोग भंडारा के स्थान को भी चयन किया गया पार्किंग और व्यापारियों को भी किसी प्रकार की समस्या ना हो जिस पर भी विशेष ध्यान दिया गया नवरात्र पर्व पर भव्य रूप से होने वाले श्रीमद् देवी भागवत पुराण कथा को लेकर क्षेत्र में उत्साह देखने को मिल रहा है और गांव-गांव पर प्रचार गाड़ी भी लगातार घूम रही है चौक चौराहा पर फ्लेक्स और पोस्ट भी लगने शुरू हो चुके हैं सुरक्षा को भी मद्देनजर रखते हुए विशेष चर्चा किया गया इस दौरान इंद्रजीत महाडिक, सदस्य जिला पंचायत झरझरा विकास समिति के अध्यक्ष ढालू राम साहू, कथा आयोजन के अध्यक्ष रेखु राम साहू सचिव अनिल साहू पार्किंग आपरेटर घनश्याम पटेल टेंट ऑपरेटर, संजू निर्मलकर, रवि निर्मलकर लालू राम यादव हर्षवर्धन साहू, सहित पत्रकार उरेन्द्र साहू मौजूद रहे।

## पेज 9 के शेष...

### राजिम कुंभ के ...

तत्कालीन केबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजन होता था, तब मुख्य मंच पर प्रस्तुति समाप्त होते ही कलाकारों को तत्काल भुगतान कर दिया जाता था। कभी-कभी कार्यक्रम खत्म होने के दो से चार दिनों के भीतर ही भुगतान की पूरी प्रक्रिया पूरी कर दी जाती थी। उस व्यवस्था से कलाकारों में संतोष और उत्साह बना रहता था। लेकिन इस बार स्थिति अलग दिखाई दे रही है।

**आर्थिक संकट से जूझ रहे कलाकार-** कुछ कलाकारों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि प्रस्तुति देने के लिए उन्हें वेशभूषा, साज-सज्जा, वाद्ययंत्रों की व्यवस्था तथा आने-जाने सहित कई तरह के खर्च खुद उठाने पड़ते हैं। कई बार ये खर्च उधारी लेकर या अपनी जेब से किए जाते हैं। उन्हें उम्मीद रहती है कि कार्यक्रम समाप्त होते ही भुगतान मिल जाएगा और वे अपने खर्च की भरपाई कर लेंगे, लेकिन इस बार लंबे समय तक भुगतान नहीं होने से उन्हें आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कलाकारों का कहना है कि पूर्व के वर्षों में जैसे ही कुंभ मेले का समापन होता था, उसी समय या कुछ ही दिनों के भीतर कलाकारों के खातों में भुगतान की राशि जमा कर दी जाती थी। इस बार जबकि सारी औपचारिकताएं पूरी बताई जा रही हैं, इसके बावजूद भुगतान लंबित रहना समझ से परे है।

### किरवई में कृषि...

शासकीय जमीन को कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र खोलने के लिए सहमति मांगे, जिसके तहत ग्राम पंचायत में सहमति दिए और कलेक्टर गरियाबंद ने 50 एकड़ जमीन कृषि महाविद्यालय के लिए आबंटित किया।

**फिंगेश्वर की अपेक्षा किरवई में पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध-** पंच भागवत साहू ने महाविद्यालय भवन निर्माण कार्य में अवरोध करने वाले नेताओं के प्रति आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि किरवई ग्राम में कुछ नया होगा तो क्या फिंगेश्वर का विकास नहीं है? उन लोगों को और खुश होते हुए निर्माण कार्य करने में सहयोग करना चाहिए। पूर्व सरपंच यथार्थ शर्मा ने कहा कि इस कृषि महाविद्यालय में केवल फिंगेश्वर के छात्र ही नहीं पढ़ेंगे बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के जो छात्र पीएटी पास करेंगे वह एडमिशन लेंगे इस महाविद्यालय में लगभग 400 छात्र पढ़ेंगे और उनके लिए पर्याप्त मात्रा में पानी का होना भी जरूरी है जो कि फिंगेश्वर की अपेक्षा किरवई में उपलब्ध है।

**क्षेत्र के किसानों को कृषि के आधुनिक तरीकों का ज्ञान होगा-** जनपद सदस्य राधेश्याम साहू ने कहा कि फिंगेश्वर में एक महाविद्यालय तो है अगर कृषि महाविद्यालय मात्र 7 किलोमीटर दूरी किरवई में खुलता है तो फिंगेश्वर के तीन चार नेताओं को आपत्ति किस बात की है ? यह नेता अगर फिंगेश्वर में केंद्रीय विद्यालय या डाइट खोलने के लिए मेहनत करते तो अपने विकासखंड को एक और बहुत बड़ी शैक्षणिक संस्था का सौगात मिलता। पूर्व जनपद सदस्य एवं मजदूर नेता गेंदलाल साहू ने कहा कि किरवई में कृषि महाविद्यालय खुलना केवल किरवई के लिए ही नहीं बल्कि पूरे फिंगेश्वर विकासखंड के साथ-साथ गरियाबंद जिले के लिए एक बहुत बड़ी सौगात है जिससे क्षेत्र के किसानों को कृषि के आधुनिक तरीकों का ज्ञान होगा अतः क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों को बिना विरोध किये किरवई में कृषि महाविद्यालय का समर्थन करना चाहिए।

### 15 दिनों में 6 युवकों ने...

पुलिस ने बताया मामले की जांच किया जा रहा है।

**विशेषज्ञों की टीम और जन-जागरूकता की मांग-** वहीं दूसरी ओर ज्ञात हो कि गरियाबंद जिले के मैनपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत पिछले एक पखवाड़े के भीतर 6 युवकों ने फांसी लगाकर आत्महत्या जैसे कदम उठाए है जो बेहद गंभीर और सोचने को मजबूर करता है कि आत्महत्या करने वाले सभी युवा ही है और युवाओं के द्वारा इस तरह के कदम उठाना क्षेत्र में दहशत देखने को मिल रही है। क्षेत्र के प्रभुत्व जनो ने गरियाबंद जिले के पुलिस अधीक्षक से मांग किया है कि इस मामले की जांच किया जाय साथ ही लगातार युवाओं के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने जैसे जो मामले सामने आए है जो एक गंभीर चिंता का विशय बना हुआ है अधिकांश युवा मानसिक तनाव के साथ, आर्थिक परेशानी, बेरोजगारी और न"ा के लत में सहानशक्ति की कमी देखी जा रही है ऐसे समय में प्रशासन की तरफ से स्वास्थ्य विभाग मनोचिकित्साको का टीम भेज कर जन जागरूकता किए जाने की आवश्यकता है।

### तौरेंगा जंगल में...

दर्ज की गई। आरोपी पर भारतीय वन अधिनियम 1927 और वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही की गई। आरोपी को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी गरियाबंद के समक्ष 13 मार्च को पेश किया गया और वारंट के तहत 23 मार्च तक रिमांड पर जिला जेल गरियाबंद भेजा गया। इस कार्यवाही में वन परिक्षेत्र अधिकारी तौरेंगा बफर के केजूराम कोरचे, वनरक्षक विनोद कुमार ठाकुर और वन चौकीदार उदे राम यादव का विशेष योगदान रहा। वन विभाग की यह कार्यवाही तौरेंगा बफर क्षेत्र में वन संपदा की सुरक्षा और अवैध अतिक्रमण रोकने में अहम कदम साबित होगी।

### घटारानी में 16...

ग्रामीण और दुकानदार बर्तनों में पानी लेकर दौड़े, लेकिन घटारानी परिसर में पानी की भारी किल्लत होने के कारण आग पर काबू नहीं पाया जा सका। पीड़ित दुकानदारों का कहना है कि यदि परिसर में पानी की उचित व्यवस्था होती, तो दुकानों को जलने से बचाया जा सकता था। सूचना पाकर रात 3 बजे तक अन्य दुकानदार भी पहुँचे, लेकिन तब तक सब कुछ स्वाहा हो चुका था। आग में प्रभावित दुकानदारों में भीखम साहू (जमाही) को 5 लाख, राजेंद्र ध्रुव (जमाही) को 2 लाख, सुनिता देवांगन (चरौदा) को 5 लाख, मनोज यादव (फुलझर) को 12 हजार, लीला राम गंधर्व (फुलझर) को 12 हजार, खेमन ध्रुव (फुलझर) को 15 हजार, रामकुमार यादव (जमाही) को 15 हजार, मदन ध्रुव (फुलझर) को 15 हजार, महेंद्र साहू (फुलझर) को 20 हजार, नोहर (धनसिंग) को 15 हजार, पूनम साहू (मुरमुरा) को 25 हजार, खेलावन ध्रुव (टेमन चरौद)।

### शिक्षा ही राष्ट्र...

अतिथियों का स्वागत किया गया।

**सामाजिक एकजुटता का संकल्प-** आयोजनों में मुख्य रूप से समाज की समृद्ध परंपरा, संस्कृति और एकजुटता को बढ़ावा देने, युवाओं को जागरूक करने तथा शिक्षा व विकास की दिशा में कार्य करने पर चर्चा की गई। अधिवेशनों में विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख पदाधिकारी, युवा और वरिष्ठ जन शामिल हुए। सामाजिक सम्मेलन में परंपरा की जीवंत झलक देखने को मिली, जिसमें कलश यात्रा जैसे कार्यक्रम आयोजन किए गए। इस अधिवेशन में समाज प्रमुखों ने युवाओं को अपनी संस्कृति की रक्षा करने और समाज के लिए एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया यह

मुख्य अतिथि इंद्रजीत महाडिक ने कहा कि छत्तीसगढ़ के मूल निवासी के रूप में गोंड आदिवासी समाज की पहचान है जो कि छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति और विरासत के संरक्षण में अहम भूमिका निभाते हुए आजादी की लड़ाई में भी अहम भूमिका निभाई है। आगे कहा कि आदिवासी समाज एक ऐसा समाज है जो भारत राष्ट्र की मूल सनातन पहचान की रक्षा के लिए प्रकृति के प्रति आस्था रख पर्यावरण संरक्षण के लिए सर्वस्व न्योछावर करके अपना अहम योगदान दिया है समाज की मुख्य धारा से जुडने के लिए हर व्यक्ति को शिक्षित होना पड़ता है आदिवासी समाज को भी आधुनिकता के इस समय में मुख्य धारा से जोडने के लिए अधिक अधिक संख्या में शिक्षित होना आवश्यक है। इस दौरान मुरमुरा सरपंच दीपक ध्रुव, रवेली सरपंच लोमश ध्रुव, धुरसा सरपंच होमेश्वरी साहू जनपद सदस्य पूर्व सरपंच गण संतु ध्रुव, संतराम ध्रुव, घनश्याम नेताम, उमेंदी कोर्राम, रमेन्द्र साहू पूर्व सरपंच सहित बड़ी संख्या में आदिवासी लोग व ग्राम धुरसा के लोग मौजूद रहे।

### फसल सुरक्षा के...

का कहना है कि खेतों में पुआल जलाने से केवल चारे का नुक़सान हो रहा है, बल्कि इससे निकलने वाला धुआं वायु प्रदूषण को खतरनाक स्तर बढा रहा है। आग के कारण जमीन के मित्र कीट मर रहे हैं, जिससे मिट्टी की उपजाऊ शक्ति कम हो रही है। प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग, मवेशी चारे के अभाव में इधर-उधर भटकने को मजबूर हैं, पशुपालकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि खेतों में पुआल जलाने वाले लोगों को चिन्हित कर उन पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएं। किसानों का कहना है कि इस कुप्रथा पर रोक लगाना जरूरी है ताकि पर्यावरण सुरक्षित रहें और मवेशियों को आसानी से घास फूस उपलब्ध हो सके, आग की इन घटनाओं से ग्रामीणों क्षेत्रों में रोष व्याप्त है।

# नवकिरण अकादमी में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर 15 मार्च 2026 को नवकिरण अकादमी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को उपभोक्ता अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में यशकुमार चक्रधारी, विवेक चंद्राकर, टकेश साहू तथा सौरभ सोनवानी उपस्थित रहे। वहीं माय भारत महासमुंद से अशोक चक्रधारी भी उपस्थित रहे। अतिथियों ने युवाओं को उपभोक्ता अधिकारों की जानकारी देते हुए जागरूक उपभोक्ता बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं एवं युवाओं की सहभागिता रही। इस अवसर पर युवाओं के लिए प्रश्नोत्तरी (क्विज) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मंजू ठाकुर, द्वितीय स्थान अनामिका ध्रुव तथा तृतीय स्थान शैलेंद्र कुमार ने प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर यशकुमार चक्रधारी ने कहा कि उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहना चाहिए। विवेक चंद्राकर ने बताया कि जागरूक उपभोक्ता ही अपने अधिकारों की रक्षा कर सकता है। टकेश साहू ने कहा कि किसी भी प्रकार की वस्तु या सेवा में धोखाधड़ी होने पर उपभोक्ता संबंधित विभाग या उपभोक्ता मंच में शिकायत कर सकते हैं। सौरभ सोनवानी ने युवाओं से अपील की कि वे अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के प्रति भी जागरूक रहें। कार्यक्रम के अंत में माय भारत की ओर से अशोक चक्रधारी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों, विद्यार्थियों एवं युवाओं का आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप



### समाजसेवी शर्मा ने मुंगेली एसपी का किया स्वागत

**नवापारा-राजिम।** नवापारा के समाजसेवी सेवानिवृत्त प्राचार्य आर बी शर्मा सर ने मुंगेली एसपी भोजराम पटेल का एक भेंट मुलाकात के दौरान स्वागत अभिनंदन किया। बता दें कि एसपी भोजराम पटेल से उनके पारिवारिक संबंध है।

### कारोबारी को झांसा देकर पांच लाख का जेवर ले उड़ी महिला

**रायपुर।** एक सराफा कारोबारी ने एक महिला के खिलाफ पांच लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला एक व्यक्ति के साथ जेवर खरीदने का बहाना कर सराफा दुकान में पहुंची। महिला ने जेवर ट्रायल करने का झांसा देकर जेवर पहन लिया, इसके बाद कारोबारी की आंखों में धूल झोंक कर मौके से फरार हो गई। भागने का प्रयास कर रही महिला के साथ आए व्यक्ति को कारोबारी ने तथा मौके पर उपस्थित लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया। कारोबारी दुर्गाप्रसाद सोने ने मेशराम साहू तथा कमलेश्वरी साहू के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। देवपुरी में संचालित दुर्गा ज्वेलर्स में मेशराम तथा महिला जेवर खरीदने के बहाने गुरुवार को पहुंचे थे।

### कार्डियोलॉजी की सीट स्वीकृत, भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ ने जताया आभार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के सबसे पुराने एवं दशकों से संचालित मेडिकल कॉलेज पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज (मेकाहारा), रायपुर में लंबे समय से चली आ रही एक महत्वपूर्ण मांग को प्रदेश सरकार ने पूरा कर दिया है। अब मेकाहारा में डीएम कार्डियोलॉजी की सीट स्वीकृत कर दी गई है। इसको लेकर भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ ने प्रदेश सरकार का आभार जताया है। बीजेपी प्रदेश चिकित्सा प्रकोष्ठ के मीडिया प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने कहा, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के कुशल नेतृत्व में लिए गए इस निर्णय से प्रदेश के युवा डॉक्टरों को सुपर स्पेशलिटी चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। यह वर्षों पुरानी मांग भाजपा प्रदेश चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. देवेंद्र कश्यप के सतत प्रयासों एवं लगातार किए गए आग्रह का परिणाम है।

**आगजनी : जंगल में आग लगने की घटना थमने का नहीं ले रहा नाम**

# महुआ और तेंदूपत्ता के नाम पर जंगल में लगाई जा रही आग, 22 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के साथ ही उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के किमती घने जंगल में लगातार आगजनी की घटना बढ़ती जा रही है, जिसके कारण खासकर पहाड़ी इलाके के जंगल इन दिनों आग की लपटों में घिरा हुआ है और तो और नेशनल हाईवे 130 सी गरियाबंद देवभोग मुख्यमार्ग के किनारे भी जगह-जगह जंगल आग से धधक रहा है। वन विभाग द्वारा अब तक जंगल में आग लगाने वाले 22 लोगों को गिरफ्तार कर कार्यवाही किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार इस वर्ष सबसे ज्यादा आगजनी की घटना जंगल में देखने को मिल रही है इसके पिछे मुख्य जो कारण निकल कर जो सामने आ रहा है उसमें तेंदुपत्ता के नाम पर कुछ ठेकेदारो लोगों के द्वारा जंगल में आगजनी एवं महुआ एकत्र करने के नाम पर जंगल में आग लगाकर लापरवाही पूर्वक छोड़ देने से कई जगह आग फैल जाने से आगजनी के मामला सामने आए है बहरहाल गरियाबंद जिले के वनपरिक्षेत्र मैनपुर, धवलपुर, तौरेंगा, कुल्हाड़ीघाट, उदंती, देवभोग सहित रिसगांव सीतानदी क्षेत्र के जंगल में इन दिनो भारी आगजनी से बेस किमती सागौन, साल, बीजा एवं अन्य प्रकार के बहुमुल्य पेड़-पौधे जलकर खाक हो रहे है तो दूसरी ओर लगातार सुलगती आग का दायरा बढ़ता जा रहा है और वन्यप्राणियों के सामने संकट उत्पन्न हो गई है जंगल में आग लगने से वन्य प्राणी इधर-उधर भटकने मजबूर हो रहे है गांव तक इन दिनों वन्यप्राणी पहुंच रहे है। जंगल को आग से बचाने के लिए वनविभाग द्वारा इस वर्श जहां एक ओर जगह-जगह कैमरे लगाए गए है वहीं दूसरी ओर बड़ी संख्या में वन विभाग के कर्मचारी भी तैनात है। वन विभाग द्वारा जंगल में आग लगाने वालो पर ताबड़ तोड़ कार्यवाही किया जा रहा है बावजूद इसके आगजनी की घटना धमने का नाम नहीं ले रहा है।

रविवार को नेशनल हाईवे 130 सी मुख्य मार्ग उदंती अभ्यारण एवं तौरेंगा वन परिक्षेत्र के साथ धवलपुर वनपरिक्षेत्र के टोरीभूई एवं पहाड़ी इलाके में जगह-जगह आग लगी हुई थी और जंगल धधक रहा था तो वहीं मैनपुर वन परिक्षेत्र के गोबरा पहाड़ी इलाके में देर शाम भीशण आग लगी है जो भाठीगढ़ के साथ ही नगरी धमतरी मार्ग से दिखाई दे रहा है गरियाबंद जिले के भीतर मैनपुर, धवलपुर, तौरेंगा, कुल्हाड़ीघाट, उदंती अभ्यारण्य के जंगल इन दिनों आग की लपटो में घिरा हुआ है हालंकि वन विभाग द्वारा जंगल को आग से बचाने दावे किये जा रहे है लेकिन अब तक सैकड़ा हेक्टेयर जंगल में आग लग चुकी है, नेशनल हाइवे 130 सी गरियाबंद मैनपुर देवभोग मार्ग में जगह-जगह जंगल में आग लगने के कारण इसकी तपिश से आने जाने वाले राहगीर भी परेशान हो गये है सड़क में चारो तरफ धुंआ ही धुंआ नजर आ रहा है सबसे ज्यादा पहाड़ी इलाका प्रभावित है।



**जंगल में आगजनी की घटना बढ़ी**

इस वर्ष मार्च प्रारंभ होते ही क्षेत्र के जंगल में गर्मी के साथ ही आगजनी प्रारंभ हो गई थी जिसके पीछे प्रमुख वजह जहां तेंदूपत्ता के ठेकेदार के खास लोगों को माना जाता है वहीं दूसरी ओर महुआ संग्रहण के लिए जंगल में पेड़ के नीचे आग लगाकर छोड़ देने से भी आगजनी की घटना तेजी से बढ़ती है बहरहाल क्षेत्र के जंगल में आगजनी से भारी छोटे-छोटे पौधे भारी नुकसान पहुंच रहा है। जंगलों में इन दिनों महुआ पेड़ के नीचे ज्यादा आग दिखाई पड़ रही है जिसके पिछे मुख्य कारण महुआ संग्रहण के नाम पर सफाई करने के लिए आग लगाते है लेकिन लापरवाही पूर्वक छोड़ देने से यह आग जंगल में फैल रहा है और इससे जंगल क्षेत्र भारी प्रभावित हो रहा है।

**पहाड़ी और हाईवे के किनारे जंगल धधक रहा**



### आगजनी की जानकारी सेटेलाइट से मिल रही : वरूण जैन

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने बताया की पिछले वर्ष की तुलना इस वर्ष जंगल में ज्यादा आगजनी की घटना हुई है। लगातार वन विभाग के अमला जंगल में लगी आग पर काबू पाने प्रयासरत है। श्री जैन ने बताया की अब तक जंगल में आग लगाने वाले 22 लोगों पर कार्यवाही किया जा चूका है और आगे भी कार्यवाही जारी रहेगी। वन विभाग के अफसर कहते हैं कि हाईटेक तकनीक की वजह से आगे लगने की सूचना तो आसानी से मिल जाती है, लेकिन इसे नियंत्रित करना काफी मुश्किल और जोखिम भरा काम होता है। वन विभाग की ओर से उठाएं गए ज्यादातर कदम आग लगने से बचने के लिए होते हैं, लेकिन आग लगने के बाद उनके पास इसे रोकने के लिए पर्याप्त संसाधन मौजूद नहीं है।

### गरियाबंद वनमंडल के कुछ जंगलों को तार फैंसिंग की जरूरत

गरियाबंद वनमंडल अर्तगत मैनपुर, धवलपुर वन परिक्षेत्र के गांव के नजदीक कई स्थानो पर इन दिनो बेधड़क साल एवं किमती वृक्षो की धीरे-धीरे अवैध कटाई भी बढ़ते जा रहा है इसलिए वन विभाग को चाहिए की कुछ स्थानो के जंगलो को सुरक्षित रखने के लिए अभी गर्मी के दिनो में चारो तरफ तार का बाड़ा लगाकर सुरक्षित किया जाय नही तो आने वाले समय में धीरे-धीरे जंगल कटता जायेगा और इसका दुष्परिणाम सभी को भोगना पड़ेगा इसलिए जंगल को सुरक्षित करने के लिए वनविभाग को विशेष कार्ययोजना बनाने की जरूरत है।

## मां कर्मा ने समस्त मानव समाज के कल्याण के लिए कार्य किया : साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

विकासखण्ड मुख्यायलय मैनपुर नगर में आज रविवार को तहसील साहू समाज मैनपुर द्वारा भक्त शिरोमणी माता कर्मा की जायंती धुमधाम के साथ मनाई गई सुबह विशेष पूजा अर्चना के बाद साहू समाज के महिला- पुरूष व बच्चों द्वारा विशाल कलश एवं शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा पूरे मैनपुर नगर सहित हरदीभाठा का भ्रमण करते हुए साहू सदन परिसर में पहुंची जहां विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि साहू समाज के संरक्षक रामस्वरूप साहू, अध्यक्षता साहू समाज अध्यक्ष बाबूलाल साहू, विशेष अतिथि संरक्षक देवचरण साहू, रामजी साहू, रामसिंह साहू, घनश्याम साहू, खगेश्वर साहू, लालाराम साहू, खुशीराम साहू, लोचन साहू, भोज साहू, खेलन साहू, तरूण साहू, शिवकुमारी साहू, रूखमणी साहू, गीता साहू, देवकुमार साहू, पिताम्बर साहू, लखन साहू एवं समाज के वरिष्ठजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ में समाज के प्रतिभावान बच्चो द्वारा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रामस्वारूप साहू ने कहा की आज माता कर्मा जयंती के अवसर पर हमें उनके बताए मार्गों पर चलने का संकल्प लेना है, भक्त माता कर्मा ने समस्त मानव जाति के कल्याण के लिए जो कार्य किए हैं और भगवान श्री कृष्ण को अपने हाथों से खिचड़ी खिलाई है इसी रत्नगर्भ धरती देवभोग से जगन्नाथ पूरी के मंदिर में भोग लगाया जाता है। आज समाज के विकास और उत्थान के लिए चिंतन का समय है हमारे समाज सभी क्षेत्रे मे अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। तहसील साहू समाज के अध्यक्ष बाबूलाल साहू ने कहा की हमारे पूर्वजों द्वारा एक अच्छे समाज का निर्माण किया गया है और हम सबको इस समाज को आगे ले जाने के लिए विकास के पथ पर अग्रसर होने युवा साथियों को हुनरमंद बनाने के लिए काम करने की जरूरत है। इस दौरान समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से खेलन साहू, तरूण साहू, कोमल साहू, पिताम्बर साहू, देव कुमार साहू, पतिराम साहू, डीपी साहू, माखन साहू, छोटेलाल साहू, लिलेश्वरी साहू, रूखमणी साहू लक्ष्मी साहू, राधिका साहू, बिरेन्द्र साहू, उदेराम साहू, छन्नु साहू, संजय साहू, चमन साहू, श्री वादले जी एवं साहू समाज के लोग भारी संख्या में उपस्थित थे तथा प्रसाद भंडारा का कार्यक्रम रखा गया।

■ मैनपुर में भक्त माता कर्मा की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई





### ट्रेड डील के विरोध में संसद घेरेगी छग यूथ कांग्रेस

**रायपुर।** अमेरिका के साथ ट्रेड डील के विरोध में यूथ कांग्रेस 16 मार्च को दिल्ली में संसद का घेराव करेगी। इस घेराव में छत्तीसगढ़ यूथ कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी शामिल होंगे। शुक्रवार को रायपुर में हुई प्रेस वार्ता में भारतीय युवा कांग्रेस ने केंद्र सरकार की प्रस्तावित अमेरिका-भारत ट्रेड डील को किसानों, युवाओं और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरनाक बताते हुए तीखा विरोध दर्ज किया। संगठन ने इस डील को "भारतहित के खिलाफ और भविष्य पर सीधा आघात" बताया। यूथ कांग्रेस ने ट्रेड डील के कई बिंदुओं पर आपत्ति जताई है। संगठन के अनुसार, डील की शर्तें किसान हितों को कमजोर करने वाली हैं। इससे कृषि बाजार पर बाहरी प्रभाव बढ़ेगा। अमेरिकी कॉरपोरेट्स की एंट्री से छोटे उद्योग बंद होने की आशंका है। रणनीतिक कंपनियों का डेटा अमेरिका को दिए जाने की चर्चा भी बेहद चिंताजनक है। एपस्टीन फाइन के बाद प्रधानमंत्री पर बाहरी आशंकाओं के सवाल भी चिंतनीय हैं।

## नवापारा में किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक ठाकुर का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक ठाकुर रविवार की सुबह नवापारा शहर पहुंचे। यहां किसान मोर्चा के पदाधिकारियो एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। स्वागत करने वालो में किसान मोर्चा के रसायन उर्वरक एवं बीज प्रकल्प के प्रदेश संयोजक जितेंद्र सोनकर ,रायुपर जिला किसान मोर्चा के अध्यक्ष परदेसी राम साहू, किसान नेता चंद्रिका साहू, मंडल अध्यक्ष दुजराम साहू ,दयालु गाड़ा, मयाराम साहू, चेतन साहू, किशन साहू, नवल साहू, पारसमणी साहू, टीकम साहू, गोपाल साहू ,कैलाश तिवारी, मनीष देवांगन, लीलाराम निषाद, सुमित सिन्हा, जागेश्वर यादव, चंद्रिका साहू, अकरम रिजवी ,धोरण साहू, कुमार साहू, बलराम चक्रधारी, लीलू साहू, लक्ष्मीकांत, जिनेंद्र साहू, तामेश्वर साहू, ललित साहू ,महिला मोर्चा के अध्यक्ष धनमती साहू, साधना सौरज, किरण सोनी, हेमीन साहू सहित पार्टी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल थे। स्वागत पश्चात प्रदेश अध्यक्ष आलोक ठाकुर ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। मालूम हो कि यहां से प्रदेश अध्यक्ष का काफिला सीधे श्री कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर पहुंचा। श्री ठाकुर ने महादेव की विधिविधानपूर्वक पूजा अर्चना कर पूरे प्रदेश के किसानो के लिए सुख समृद्धि की मंगल कामना की। किसान मोर्चा के प्रदेश संयोजक जितेंद्र सोनकर ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष श्री आलोक ठाकुर का प्रथम आगमन था इससे कार्यकर्ताओं में उत्साह चरम पर रहा।



## रेवतीरमन का सीजीपीएससी में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

छत्तीसगढ़ लोकसेवा आयोग (पीएससी) द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग में अधीक्षक (बाल देखरेख संस्था) पद पर चयनित होने पर ग्राम भेंडरी निवासी रेवतीरमन साहू पिता लक्ष्मीकांत साहू माता जनकनंदिनी साहू को क्षेत्रवासियों द्वारा लगातार बधाइयां दी जा रही हैं। उनकी इस उपलब्धि से ग्राम भेंडरी सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष और गर्व का माहौल है। इस अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला भेंडरी के प्रधान पाठक भागचंद चतुर्वेदी एवं विद्यालय के शिक्षकों ने रेवतीरमन साहू को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधान पाठक भागचंद चतुर्वेदी ने कहा कि रेवतीरमन साहू की यह सफलता पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत, लगन और लक्ष्य के प्रति समर्पण के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है, जो युवाओं के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि यदि युवा पूरी निष्ठा और धैर्य के साथ अपने लक्ष्य की ओर प्रयास करते हैं तो सफलता अवश्य मिलती है। रेवतीरमन साहू ने अपने परिश्रम से यह सिद्ध कर दिया है कि ग्रामीण क्षेत्र के युवा भी बड़े पदों पर पहुंचकर समाज और प्रदेश का नाम रोशन कर सकते हैं। इससे पूर्व गरियाबंद जिला में पटवारी पद पर चयनित होकर सेवा दे रहे है। विद्यालय परिवार ने विश्वास व्यक्त किया कि महिला एवं बाल विकास विभाग में अधीक्षक (बाल देखरेख संस्था) के रूप में रेवतीरमन साहू अपने दायित्वों का ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ निर्वहन करेंगे तथा बच्चों के संरक्षण, देखभाल और उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रधान पाठक भागचंद चतुर्वेदी, विद्यालय के शिक्षकगण लालजी सिन्हा, टीकूराम ध्रुव, रेखराम निषाद, प्रदीपकुमार साहू तथा ग्राम भेंडरी के वरिष्ठ नागरिक पूर्व सरपंच गण सोमनाथ साहू, मोहनलाल साहू, सरपंच तुलेश्वरी लीलाराम साहू, ऐलुराम साहू, पूर्व जनपद सदस्य चंदन साहू, पोषण साहू, भूषण लाल साहू, कन्हैया ध्रुव, ढालसिंह ध्रुव ने उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।



**छुरा के विद्यार्थियों ने जानी अपनी विरासत**

## नवा रायपुर में उमड़ा जनजातीय संस्कृति का रेला, 43 जनजातियों ने बिखेरी विरासत की छटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

छत्तीसगढ़ में आदि परब 2026 13 और 14 मार्च को आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान नया रायपुर अटल नगर में किया गया। उद्देश्य राज्य की जनजातियों संस्कृति को प्रदर्शित करना और युवाओं को उनकी विरासत में जोड़ना। इस आयोजन में पहली बार छत्तीसगढ़ की 43 विभिन्न जनजातियां समुदाय के कलाकार पारंपरिक वेशभूषा लोक नृत्य और कला का प्रदर्शन किया गया। भागीदारी-छत्तीसगढ़ के अलावा उड़ीसा झारखंड महाराष्ट्र तेलंगाना मध्य प्रदेश के आदिवासी कलाकार सम्मिलित हुए, यह दो दिवसी महोत्सव है जो जनजातीय अस्मिता और पारंपरिक ज्ञान को एक मंच पर लाना है। छत्तीसगढ़ के मुख्या विष्णु देव साय ने कहां सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण इस अवसर पर जनजाति समाज की पारंपरिक कला और ज्ञान को वैश्विक पहचान दिलाने और उन्हें सुरक्षित करने का पर जोर दिया इस आयोजन का उद्देश्य जनजाति समुदाय की परंपराओं को मुख्य धारा से जोड़ना और परंपरा से पहचान को बढ़ावा देना था। उरांव जनजातीय यह केवल परिधान नहीं हमारी इतिहास है आभूषण नहीं हमारा पहचान है, कदम से कदम मिलाते हुए छत्तीसगढ़ के भारत भाग्य विधाता के विश्व पटल पर ले जाते हुए जनजाति संस्कृति सुंदर व्यक्ति की परंपराओं पहचान, संकल्प सिद्धि की ओर उत्साह का अवसर उमंग आदिवासी जिनका जीवन कला सरगम जमीन से जुड़ा हुआ है एक धुन एक सरगम के साथ आगे बढ़ रहा है। छत्तीसगढ़ की मिट्टी की खुशबू पहाड़ की कहानी, आदिवासी जनजाति सम हमेशा प्रकृति पूजक है आत्मविश्वास के साथ अपनी जनजातीय कला संस्कृति का प्रदर्शन करते हुए युवा प्रतिभागी आगे बढ़ रहा है, प्रकृति का संरक्षण जल जंगल जमीन को सहचते हुए, अद्भुत श्रंगार सुंदरता के साथ आत्मविश्वास पोषाक में प्रकृति की छठा बिखरते हुए यहां जनजातीय लोग आदिवासी, आदिवासी संस्कृति को आगे बढ़ने का संकल्प लेते हुए जंगल के सुर माटी के संग, बस्तर की संस्कृति अंगा देवता चलाएं मन देवता 72 दिनों तक चलने वाले दशहरा उत्सव बस्तर की विश्व प्रसिद्ध मेला प्रकृति की पूजा ऐसी संस्कृति छत्तीसगढ़ में देखने को मिलता है आदि परब में आदिवासी ब्लॉक वनांचल क्षेत्र से युवा शासकीय कचना धुरवा महाविद्यालय छुरा के छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए और जनजातियों की संस्कृति को जाना पहचाना संग्रहालय में जाकर जनजातियों की इतिहास देखा उनकी संस्कृति को देखा, आदि व्यंजन कोदो कुट्टी मक्का की व्यंजन पेज, लाल चींटी की चटनी महुआ के व्यंजन, इमली, अमचूर, कदमूल, पत्तेदार सब्जियां पारंपरिक खाद्य पदार्थ जो जनजातियों की विशेष पहचान है चखने का अवसर प्राप्त हुआ सांस्कृतिक प्रस्तुति पहली बार 43 जनजातियों के पारंपरिक पहनावे और संस्कृति को एक ही मंच पर रैंप वाक के माध्यम से दिखाया गया जिसका उद्देश्य उनकी पहचान को संस्कृति को संरक्षित करना है।

**सांस्कृतिक विरासत और जनजाति का प्रतीक**



आदि परिधान छत्तीसगढ़ में आदिवासी परिधान उनकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत प्रकृति के प्रति प्रेम और जनजाति का प्रतीक है। आदि हॉट शिल्प मेला बांस शिल्प, लौह शिल्प, भित्ति चित्र प्रमुख उसे प्रदर्शित किया गया, आभूषण और सज्जा-परिधानों को चांदी, पीतल, कौड़ी और रंगीन मोतियों से बने आभूषणों को भी सजाया जाता है जो बहुत ही आकर्षक था, जनजातियों की संस्कृति गोदना स्टॉल मुख्य केंद्र रहा, जिसमें प्रमुख रूप से सुश्री रागिनी ठाकुर सहायक प्राध्यापक, समाजसेवी शीतल ध्रुव, कुलेश्वर मरकाम जीएल कुंभकार, राकेश साहू, अधीक्षक गण, रंजना, वर्षा ध्रुव, नंदिनी, कमलेश ठाकुर, कैलाश ठाकुर हैं।

## दार्जलिंग विस प्रभारी बनाई गई नंदनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर के वरिष्ठ भाजपा नेत्री एवं अनूसुचित जनजाति के प्रदेश मंत्री नंदनी नेताम को भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा पश्चिम बंगाल के दार्जलिंग विधानसभा में संगठनात्मक कार्यों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। भाजपा नेत्री नंदनी नेताम लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी संगठन में सक्रिय हैं और वर्तमान में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के छत्तीसगढ प्रदेश मंत्री के रूप में कार्यरत है और भारतीय जनता पार्टी संगठन को मजबूत करने युवाओं को संगठन में जोड़ने उनकी महत्वपूर्ण भुमिका रही है और उन्हे भारतीय जनता पार्टी द्वारा बड़ी जिम्मेदारी सौपने से मैनपुर सहित पूरे गरियाबंद जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है।









विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त जारी

**नवापारा-राजिम।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष परदेसी राम साहू ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के 22वीं किस्त जारी किए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का



आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा किसानों के हित में चलाए जा रहे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से देश के करोड़ों किसानों को सीधे आर्थिक सहायता मिल रही है। इस योजना के अंतर्गत किसानों को प्रतिवर्ष 6000 रुपए की राशि तीन किस्तों में सीधे उनके बैंक खाते में भेजी जाती है जिससे किसानों को खेती के खर्चे में बड़ी राहत मिलती है। कहा कि 13 मार्च को प्रधानमंत्री द्वारा देश के करोड़ों किसानों के खाते में 22वीं किस्त की राशि भेजा गया है जिससे किसानों को 2000 की आर्थिक सहायता प्राप्त हुआ इससे खेती किसानों से जुड़े छोटे और सीमांत किसानों को मजबूती तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी।

### भगवान कृष्ण के बाल लीलाओं का बखान

**महासमुंद।** ग्राम बम्हनी में चल रहे श्रीमद भागवत कथा का बखान करते हुए पं. प्रवीण कृष्ण महाराज मोखला आरंग ने भगवान कृष्ण के बाल लीलाओं का बखान करते हुए कहा कि भगवान कृष्ण माखन चोरी की लीला के माध्यम वात्सल्य भाव को प्रकट किया है। महाराज ने इस बात को रेखांकित किया कि कंस के यहां माखन देने के बजाए अपने बच्चों को भरपूर माखन खिलाए एक तरह से कंस की नगरी मथुरा में आर्थिक नाकेबंदी के रूप में भी इसे देखा जा सकता है। इसके अलावा भगवान कृष्ण ने बचपन में अनेक असुरों का उद्धार किया। कालिया नाग मर्दन में जल संरक्षण का भाव स्पष्ट है, क्योंकि जल के बिना सब सूना है, इसलिए जब यमुना का जल कालिया नाग के जहर से दूषित होने लगा तो भगवान कृष्ण ने गेंद खेल के माध्यम से यमुना में गए और कालिया नाग का मर्दन किया हमें भी अपने सरोवरों का विशेष ध्यान रखते-रखते हुए जल संरक्षण और शुद्धता का ख्याल रखना चाहिए।

### शराब पीकर वाहन चलाने वालों की जांच

**रायपुर।** यातायात पुलिस रात के समय में जांच अभियान चलाकर शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में शनिवार को पचपेड़ीनाका ओवरब्रिज के पास पुलिस ने दोपहिया, कार सहित भारी वाहनों को रोककर चालकों की जांच की। सूत्रों से पता चला है कि इस जांच के दौरान कुछ वाहन चालक नशे में वाहन चलाते पकड़े गए, जिनके विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

### तीन त्योहारों पर मांस-मटन की बिक्री प्रतिबंधित

**रायपुर।** आगामी प्रमुख धार्मिक पर्वों को देखते हुए नगर निगम ने मांस-मटन की दुकानों को अस्थायी रूप से बंद रखने का आदेश जारी किया है। निगम प्रशासन के निर्देश के अनुसार, शहर में तीन अलग-अलग तिथियों पर मांस और मटन की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। नगर निगम अधिकारियों के मुताबिक, 20 मार्च चेट्रीचंड्र, 27 मार्च रामनवमी और 31 मार्च को महावीर जयंती पर निगम क्षेत्र में संचालित सभी मांस-मटन की दुकानें बंद रखी जाएंगी।

**जयंती : बकली में धूमधाम से मनाई गई भक्त माता कर्मा जयंती**

# भगवान के लिए नियम से ज्यादा श्रद्धा और प्रेम आवश्यक : साहू

हरिभूमि न्यूज ›› राजिम



बकली में भक्त माता कर्मा जयंती का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीण साहू समाज के अध्यक्ष डॉ. चंद्रिका साहू, उपाध्यक्ष रामजी साहू, सचिव भारत साहू, त्रिलोचन साहू, अंजोर साहू, सरपंच प्रतिनिधि हीराधर साहू, ओमप्रकाश साहू मीडिया प्रभारी, संजय साहू, प्रमोद साहू, दिनेश साहू, उमेश कमलेश, कुमार साहू, कुलेश्वर साहू शामिल हुए। इस अवसर पर उपस्थित समाज के पदाधिकारियो ने कहा कि भक्त माता कर्मा निस्वार्थ प्रेम और समर्पण की गाथा है। 17वीं सदी में राजस्थान के नागौर में जन्मी मां कर्मा ने कृष्ण को बाल रूप में मानकर प्रेम-भाव से खिचड़ी का भोग लगाया। उनकी निश्चल भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान जगन्नाथ ने स्वयं उनके हाथों से खिचड़ी खाई, यह सिद्ध करते हुए कि ईश्वर के लिए ज्ञान नहीं, प्रेम बड़ा है। वक्ताओं ने कहा कि उनका जन्म 1615 में नागौर जिले के कलवा गाँव में एक जाट परिवार में हुआ था। बचपन से ही उनमें भगवान श्री कृष्ण के प्रति गहरी आस्था थी। वे भगवान को अपना पुत्र मानती थीं। वे बिना स्नान किए, केवल प्रेम और श्रद्धा के साथ सुबह-सवेरे भगवान को बाजरे की खिचड़ी का भोग लगाती थीं। उनकी भक्ति इतनी निस्वार्थ थी कि भगवान श्री कृष्ण (जगन्नाथ) स्वयं उनके घर आते और बड़े चाव से खिचड़ी खाते थे। एक बार एक ज्ञानी साधु ने मां कर्मा को बताया कि भोग लगाने के लिए स्नान और पूजा-विधि अनिवार्य है। जब मां कर्मा ने विधि-विधान से देर से भोग लगाया, तो भगवान ने प्रेम-भोग छोड़कर वह खिचड़ी खाई जो मां कर्मा ने प्यार से बनाई थी। भगवान ने साबित किया कि उन्हें नियम से ज्यादा 'प्रेम' प्रिय है। माता कर्मा साहू समाज की आराध्य देवी मानी जाती हैं, और उनकी भक्ति आज भी जगन्नाथ पुरी में सुबह के पहले भोग के रूप में जीवित है।

## भक्त माता कर्मा की 1010वीं जयंती मनाई, खिचड़ी का भोग लगाकर किया गया नमन

**राजिम।** पापमोचनी एकादशी के पावन अवसर पर रविवार को राजिम भक्तिन माता समिति एवं नगर साहू संघ के संयुक्त तत्वावधान में साहू छात्रावास परिसर में दोपहर 12 बजे संत शिरोमणि माता कर्मा जी की 1010वीं जयंती श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ साहू समाज की आराध्य देवी, भगवान श्रीकृष्ण की परम भक्त, त्याग-तपस्या, सेवा और समर्पण की प्रतिमूर्ति माता कर्मा जी के तैल चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर एवं खिचड़ी का भोग लगाकर किया गया। तत्पश्चात विधिवत आरती एवं पूजा-अर्चना संपन्न हुई। पूजा पश्चात आयोजित सभा को संबोधित करते हुए राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने कहा कि माता कर्मा जी का संघर्षमय जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनके बताए आदर्शों



पर चलकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। आशा, श्रद्धा, विश्वास और त्याग-तपस्या की प्रतिमूर्ति माता कर्मा जी ने अपने जीवन संघर्ष से समाज को नई दिशा दी। कहा कि माता कर्मा की भक्ति में इतनी शक्ति थी कि भगवान श्रीकृष्ण को स्वयं उनके हाथों से बनी खिचड़ी ग्रहण करने आना पड़ा। यह उनकी निष्कलंक और सच्ची भक्ति का सर्वोच्च उदाहरण है।इस अवसर पर राजिम भक्तिन माता समिति के महामंत्री रामकुमार साहू, कोषाध्यक्ष भोले साहू, संगठन मंत्री डॉ. ओंकार साहू, अमृतलाल साहू, तरुण साहू सहित नगर साहू संघ राजिम के अध्यक्ष रामकुमार साहू, उपाध्यक्ष संतोष साहू, संरक्षक झाड़ूराम साहू, सचिव राजू साहू ,पूर्व पार्षद नंदकिशोर शर्मा, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष शिवराज देवांगन सहित बड़ी संख्या में समाजजन विशेष रूप से उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में नगर साहू संघ राजिम के अध्यक्ष रामकुमार साहू ने समस्त समाजजनों को राजिम भक्तिन माता समिति की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित कीं तथा माता कर्मा जी से समाज की एकता, संस्कार, सद्भाव और निरंतर प्रगति की मंगल कामना की।

# करचिया के किसान चंद्रशेखर को 5 एकड़ में उद्यानिकी खेती से हो रहा बंपर मुनाफा



हरिभूमि न्यूज ›› मैनपुर

गरियाबंद जिले के देवभोग विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम करचिया के किसान चंद्रशेखर नायक एक सफल किसान है। वे फसल चक्र परिवर्तन अपनाकर वे उद्यानिकी कृषि की ओर अग्रसर है। कलेक्टर श्री बीएस उइके, पुलिस अधिक्षक श्री वेदव्रत सिरमौर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रखर चंद्राकर स्वयं उनके खेतों का अवलोकन कर उनकी मेहनत एवं सफलता के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी। उद्यानिकी कृषक चंद्रशेखर नायक ने बताया कि उनके पूर्वज पहले 5 एकड़ में धान की खेती करते थे। लेकिन उनकों कड़ी मेहनत के बावजुद भी ज्यादा आय अर्जित नहीं होती थी। फिर उन्होने उद्यानिकी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी के सम्पर्क में आकर 10 डिसमिल से सब्जी की खेती करना शुरु किया। इस दौरान उद्यानिकी विभाग द्वारा उन्हें निःशुल्क में खाद, बीज, कीटनाशक, स्प्रेयर सहित अन्य आवश्यक सामग्री प्रदान की। जब उन्होंने सब्जी की खेती के लिए प्रयास किया तो उन्हें आसपास के लोग सब्जी उगाने से मना कर कहते थे कि इससे अधिक फायदा नहीं होगा। लेकिन उन्होंने कड़ी मेहनत कर उद्यानिकी फसल लगाने की ठान रखी थी। इसके उपरांत उद्यानिकी कृषि से प्राप्त सब्जियों को स्थानीय बजार में बेचना शुरू किया तो उन्हें इससे अच्छा लाभ होने लगा। फिर उन्होंने पूरे 5 एकड़ कृषि भूमि पर शेडनेट पद्धति से दोनों भाई स्ट्रॉबेरी का फल, मुनगा, टमाटर, बैंगन, नींबु, लौकी सहित अनेक प्रकार की सब्जी खेती करने लगे। इससे उन्हें और अधिक मुनाफा मिलना शुरू हुआ।

**उद्यानिकी फसल से आय में वृद्धि-** वर्तमान में उन्हें केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना नेशनल मिशन ऑन एडिबल आयल-ऑयल पाम की खेती उद्यानिकी अधिकारीके मार्गदर्शन में 5 एकड़ में कर रहे है। उद्यानिकी विभाग द्वारा अनुदान भी प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि वे लगभग 22 वर्षो से उद्यानिकी फसल लगा रहे हैं जिससे आय में काफी वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि अपने बच्चों को भी उधानिकी कृषि के लिए उच्च शिक्षा की पढ़ाई करा रहे हैं। इनके उद्यानिकी के क्षेत्र में सफल होने पर अन्य ग्रामीण क्षेत्र के किसानों में सब्जी की खेती की ओर रुझान बढ़ रहा है।

# साहू छात्रावास में श्रद्धा के साथ मनाई गई मां कर्मा जयंती

हरिभूमि न्यूज ›› गरियाबंद



साहू छात्रावास गरियाबंद में रविवार को मां कर्मा जयंती का पर्व बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मां कर्मा की विधिवत पूजा-अर्चना की गई और समाज की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की गई। कार्यक्रम के दौरान समाज के नव नियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। साथ ही तहसील और ग्रामीण क्षेत्र के पदाधिकारियों का सम्मान भी किया गया। समाज में प्रेरणा और आदर्श स्थापित करने के उद्देश्य से एक आदर्श विवाह भी संपन्न कराया गया, जिसकी सभी ने सराहना की। इस अवसर पर तहसील कछार परिक्षेत्र के अध्यक्ष रामाधार साहू, गरियाबंद ग्रामीण अध्यक्ष राजेश साहू, शत्रुघ्न साहू, विजय साहू, अशोक साहू, जीवन एस साहू, ग्रामीण उपाध्यक्ष सतीश साहू, ग्रामीण संगठन सचिव विनोद साहू, महिला उपाध्यक्ष भूमिन साहू, सचिव टाकेश्वरी साहू, हिरेंद्र साहू, विजय साहू, तुलसीराम साहू, शिवदयाल साहू, निमेष साहू, किशन साहू, गोकुल साहू, महेश साहू, उपेंद्र साहू, मिलेश्वरी साहू, तनु साहू, सुनीता साहू, गीता साहू, तुलसी साहू, चमेली साहू, विनोद साहू सहित समाज के अनेक प्रमुख लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन समाज की एकता, सहयोग और विकास के संकल्प के साथ किया गया।

# कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण में दिया जीत का मंत्र

हरिभूमि न्यूज ›› मुड़ागांव(कोरासी)



पंडित दीनदयाल उपाध्याय महा प्रशिक्षण अभियान 2026 मंडल खड़मा में दो दिवसीय प्रशिक्षण महतारी सदन में आयोजित 14 मार्च से 15 मार्च तक चला जिसमें प्रथम दिवस उद्घाटन दिवस सत्र पर जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, महामंत्री आशीष शर्मा, चंद्रशेखर साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, पूर्व जिला अध्यक्ष रामकुमार साहू राजेश साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रीतम सिन्हा सहित मंडल अध्यक्ष हेमन्त सिन्हा का आगमन हुआ, प्रथम सत्र में प्रशिक्षण कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष रामकुमार साहू ने अपना विषय रखा उसके बाद द्वितीय सत्र में प्रीतम सिंह जिला उपाध्यक्ष तिथि सत्र में पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय एवं चतुर्थ सत्र में पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश साहू द्वारा प्रशिक्षित कराया गया द्वितीय दिवस के प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रथम सत्र में जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू ने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित दिया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा एवं जिला मिडिया प्रभारी सागर मियानी ने सोशल नेटवर्किंग के बारे में बताया गया। इस अवसर पर मंडल खड़मा के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर, किसान मोर्चा जिला महामंत्री संदीप पांडेय, पूर्व मंडल अध्यक्ष पीलूराम यादव, महामंत्री पालेन साहू, पुरुषोत्तम गिरी गोस्वामी, मंडल उपाध्यक्ष रूपेश्वर साहू, पंकज निर्मलकर जनपद सदस्य, रमन नामदेव, लता साहू, पूर्णिमा कंवर, राजा, मोर्चा मंडल अध्यक्ष लेखराम बादे, किसान मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष अध्यक्ष वरिष्ठ कार्यकर्ता खेमलाल सिन्हा, गुलशन सिन्हा, तुकाराम सिन्हा पुष्पा सिन्हा, रेवती भूजिया, तारिणी ध्रुव, पूनम ध्रुव, अंकित राव, सुरेश अडवांशी, वेंस नारायण, डोमन विश्वकर्मा, कृष्ण यादव, चंद्रहास बरिहा, निशा, अमरलाल निषाद, मुकेश पटेल, मीडिया प्रभारी तेजराम ध्रुव, दिनेश पटेल, कृष्णा पटेल, धनीराम साहू, यादराम विश्वकर्मा, रवि साहू, लोकेश छत्रपाल, राजेंद्र टांडे, रिंकू सिन्हा, अशोक साहू आदि कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

# पालकों की बैठक में वार्षिक परीक्षा की तैयारी पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ›› पाण्डुका



शासकीय हाई स्कूल घटकर्रा में कक्षा नवमीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के पालकों का आवश्यक बैठक रखा गया था। इस बैठक में उन बच्चों के पालकों को आमंत्रित किया गया था जिनका अर्धवार्षिक परीक्षाफल संतोषजनक नही था । पालकों को बच्चों की शैक्षिक गतिविधियों पर ध्यान देने का आग्रह किया गया । बैठक में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष व सदस्यों व पालकों को अर्धवार्षिक परीक्षा 30 प्रतिशत और वार्षिक परीक्षा के 70 प्रतिशत अधिभार को विस्तार पूर्वक बताकर छात्रों को पढ़ाई करने प्रोत्साहित करने कहा गया। शाला प्रबंधन के सदस्य व पालकों द्वारा नवमीं कक्षा में अध्यापन के समय बच्चों से कक्षा में चर्चा कर उनके वार्षिक परीक्षा की तैयारी के विषय मे जानकारी लिया गया व पढाई करने का निर्देश दिया गया । दुर्भाग्य से उन बच्चों के पालको की उपस्थिति कम था जिनकें बच्चे कमजोर है। शाला प्रबंधन के सदस्यों द्वारा कक्षा अवलोकन, छात्रों की खूबियां, व्यवहार और सीखने की शैलियों के बारे में बेहतर जानकारी लिया, शिक्षकों द्वारा घर में जाकर के पालक संपर्क की सराहना व छात्रों को नियमित स्कूल में उपस्थित होने के लिए प्रेरित किया। बैठक में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री गुणित राम साहू, अध्यक्ष लाल जी साहू अध्यक्ष माध्यमिक शाला श्री ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष श्री गैन्दू राम साहू पालक सदस्य धीरपाल साहू, पूर्व सरपंच श्री प्रेम सिंह ध्रुव, पूर्व पंच श्री खुशराम पटेल, पालक सदस्य श्री चित्रसेन निर्मलकर और पलकों में श्री टूकेश्वर, राजेशकुमार, शत्रुहन, तिलक आदि उपस्थित थे। विद्यालय स्टाफ से श्री संजय कुमार वर्मा, दिनेश वर्मा, श्दीपक कुमार नाग, लक्ष्मी दीवान, मनीषा साहू उपस्थित थे।

# भतराबहली और मुड़गुड़ा में हरे कृष्णा-हरे रामा की गूंज




हरिभूमि न्यूज ›› मैनपुर

ग्राम पंचायत भतराबहली और ग्राम पंचायत बाड़ीगांव के आश्रित मुड़गुड़ा में इन दिनों अष्ट प्रहरी नाम यज्ञ धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है हरे कृष्ण, हरे रामा नाम का लगातार किर्तन और जाप किया जा रहा है। इस धार्मिक कार्यक्रम मे शामिल होने के लिए क्षेत्रभर से हजारो की संख्या में लोग पहुंच रहे है जिससे पूरे गांव व क्षेत्र का माहौल धार्मिकमय हो गया है जिला पंचायत सदस्य नेहा सिंघल इस धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होकर पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख- शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना किया। श्रीमति सिंघल ने कहा धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन से क्षेत्र मे आपसी भाईचारा के साथ गांव में उत्साह और सुख शांति समृद्धि और खुशहाली आती है।

आप कितने स्वस्थ हैं?
जानिएं
एक नियमित वेलनेस चेकअप आपके आज को सुरक्षित और कल को मजबूत करता है
वेलनेस गोल पैकेज
₹1500/-
(20 से 40 साल की उम्र के लिए)
वेलनेस जर्नी पैकेज
₹2000/-
(40 से 60 साल की उम्र के लिए)
• प्रत्येक शुक्रवार एवं शनिवार
• सीमित सीट
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें
9109956720
9926386660
Care With Confidence
सुयश हॉस्पिटल
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

### आए दिन बिजली बंद होने से बढ़ी समस्या

**महासमुंद।** एक ओर जहां लगातार गर्मी बढ़ रही है, वहीं दूसरी ओर आए दिन बिजली बंद रहने से लोगों की समस्याएं बढ़ गई हैं। विभाग द्वारा कंस्ट्रक्शन कार्य के नाम से नगर में कई-कई घंटों तक बिजली बंद किया जा रहा है।

डायबिटीज
के मरीजों के घावों की प्लास्टिक सर्जरी (स्कीन ग्राफ्टिंग) की विशेष सुविधा.

कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

# 5 घंटे के अखंड दुर्गा चालीसा पाठ से गूंजा गांव

हरिभूमि न्यूज ›› रसेला

ग्राम रसेला में भक्ति और संकल्प का अनूठा संगम देखने को मिला। भगवती मानव कल्याण संगठन के तत्वावधान में आयोजित 5 घंटे के अखंड दुर्गा चालीसा पाठ में बड़ी संख्या में ग्रामीण ने हिस्सा लिया। इस धार्मिक अनुष्ठान का मुख्य उद्देश्य केवल पूजा अर्चना तक सीमित न रहकर समाज को नशा, मांसाहार और कुरीतियों से मुक्त करना रहा। ग्राम रसेला में बलदराम ठाकुर, गैदलाल यादव, अवधराम ठाकुर, यशवंत ठाकुर, केसर नागेश, उमेश नागेश आदि के घरों में यहां कार्यक्रम समय समय पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान संगठन के प्रमुख पुष्पक निषाद ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि शक्ति पुत्र महाराज के निर्देशन में दिव्य मां दुर्गा की महाआरती और अखंड पाठ के माध्यम से समाज को एक नई दिशा दी जा रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि असली साधना वहीं है जो व्यक्ति को नशामुक्त, मांसाहार मुक्त और चरित्रवान बनाए। वर्तमान समाज में कुरीतियों के हावी होने को लेकर उन्होंने कहा कि लोग नशा और मांसाहार में मस्त है। धर्म और अधर्म से किसी को मतलब नहीं रह गया है। अपने निजी स्वार्थ और स्वाद के लिए शराब और अन्य नशीले पदार्थ और मांसाहार का सेवन कर रहे हैं। भविष्य मे सुधार के लिए हमें वर्तमान में पहल करना जरूरी है। आज की योजना कल जाकर धरातल पर सफल होगी। इसलिए समाज को सच्चे राह दिखाने के लिए गांवों में अखंड दुर्गा चालीसा पाठ किया जा रहा है।

- नशामुक्ति और चरित्र निर्माण का लिया संकल्प

## बुराइयों का त्याग, अच्छाई ग्रहण करने संकल्प लिया



भगवती मानव कल्याण संगठन,जो जन-जन को सद्‌मार्ग की ओर ले जाने के लिए कार्यरत हैं। समाज और घर-घर में सुख शांति की स्थापना की जा रही है। पाठ के दौरान घरों में मां दुर्गा के जयकारों से गुंजायमान रहा। पांच घंटे चले इस अखंड पाठ के समापन पर महाआरती की गई। उपस्थित ग्रामीणों ने संकल्प लिया कि वे समाज में व्याप्त बुराइयों को त्याग कर चरित्रवान और व्यसन मुक्त जीवन व्यतीत करेंगे। सभी ने अपने अंदर की बुराइयों को त्यागने और अच्छाइयों को ग्रहण करने का संकल्प लिया। नशामुक्त खुद को और समाज को बनाने के लिए लोगों को प्रेरित करने की बातें कही गईं। इस अवसर पर बुजुर्ग, महिलाएं और युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिन्होंने सामूहिक साधना के इस सौभाग्यशाली क्षण का लाभ उठाया।

online Booking:-www.tripuryatra.com


रामेश्वरम् धाम यात्रा
21 अप्रैल, 28 अप्रैल, 19 मई, 02 जून 2026 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
राशि :- स्लीपर 14,900/-, 3 एसी-23,900/-, 2 एसी 28,900/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411